**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 411**
**दिनांक 21 जुलाई, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**नर्सिंग सेवा**

**411. डॉ. राजश्री मल्लिक:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार नसिंग स्कूलों को नर्सिंग कॉलेजों में स्तरोन्नत करके नर्सिंग सेवाओं का विकास करने के लिए सेंट्रल सेक्टर स्कूल का कार्यान्वयन कर रही है;
(ख) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान देश में इस योजना के अंतर्गत क्या उपलब्धि हासिल की गई है;
(ग) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान ओडिशा राज्य सरकार से नर्सिंग और मेडिकल कॉलेजों के विकास हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (**डॉ. भारती प्रविण पवार**)**

(क) से (घ) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय मौजूदा नर्सिंग स्कूलों का नर्सिंग कॉलेजों में उन्नयन करने के लिए "नर्सिंग सेवाओं के विकास" की एक केंद्रीय क्षेत्र योजना का संचालन करता है। योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, नर्सिंग कॉलेज में उन्नयन के लिए प्रति नर्सिंग स्कूल को 7 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की जाती है । पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में इस योजना के तहत 28 नर्सिंग स्कूलों को उन्नयन के लिए मंजूरी दी गई है। जारी की गई धनराशि सहित 28 नर्सिंग स्कूलों की सूची **अनुलग्नक -I** में दी गई है। पिछले पांच वर्षों में "नर्सिंग सेवाओं का विकास" योजना के तहत स्कूलों के उन्नयन के लिए ओडिशा राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।
केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तहत "मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना" के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच उत्तर-पूर्वी और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 और अन्य राज्यों के लिए 60:40 के अनुपात में धन-राशि को साझा किया जाएगा।

ओडिशा में 1520 करोड़ रुपये की लागत से तीन चरणों में कुल 07 मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी गई है । इन मेडिकल कॉलेजों का विवरण **अनुलग्नक - II** में है।

इसके अलावा, एमबीबीएस (यूजी) सीटों और पीजी सीटों को बढ़ाने के लिए मौजूदा राज्य सरकार/केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन के लिए सीएसएस के तहत 02 मेडिकल कॉलेजों में 200 एमबीबीएस सीटों और 03 मेडिकल कॉलेजों में 107 पीजी सीटों की वृद्धि के लिए ओडिशा राज्य को वित्तीय सहायता भी प्रदान की गई है। वर्तमान जिला/रेफरल अस्पताल के साथ नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, संबंधी केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत 2014 से ओडिशा में 7 मेडिकल कॉलेजों सहित 157 मेडिकल कॉलेजों को अनुमोदित किया गया । बजट भाषण 2023-24 में इन मेडिकल कॉलेजों में 157 नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना की घोषणा की गई है ।

अनुलग्नक-I

**नर्सिंग सेवाओं के विकास की केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत नर्सिंग स्कूल का नर्सिंग कॉलेज में उन्नयन करने का विवरण**

| क्र. सं. | राज्य | संस्थान का नाम | जारी की गई धन-राशि | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1. | झारखंड | 1.नर्सिंग स्कूल, महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, जमशेदपुर | 4.04 | 2018-19 |
| 2. | मणिपुर | 2. जीएनएम ट्रेनिंग स्कूल, चुडाचांदपुर, मणिपुर | 2.25 | 2020-21 |
| | | 3. जीएनएम ट्रेनिंग स्कूल, थौबल, मणिपुर | 2.19 | 2022-23 |
| 3. | राजस्थान | 4. नर्सिंग स्कूल, महात्मा गांधी अस्पताल, जोधपुर | 4.18 | 2018-19 |
| | | 5. नर्सिंग स्कूल, पीबीएम हॉस्पिटल बीकानेर, | 1.78 | 2018-19 |
| 4. | महाराष्ट्र | 6. गवर्नमेंट नर्सिंग स्कूल , सतारा | 3.75 | 2019-20 |
| | | 7. गवर्नमेंट नर्सिंग स्कूल, नासिक | 3.75 | 2019-20 |
| | | 8. गवर्नमेंट नर्सिंग स्कूल , सिंधुदुर्ग | 3.75 | 2019-20 |
| 5. | जम्मू एवं कश्मीर | 9.प्रिंसिपल जीएनएम स्कूल, उधमपुर, | 3.75 | 2019-20 |
| | | 10. प्रिंसिपल जीएनएम स्कूल, पुलवामा, | 3.75 | 2019-20 |
| | | 11. प्रिंसिपल जीएनएम स्कूल, कुलगाम, | 3.75 | 2020-21 |
| | | 12. प्रिंसिपल जीएनएम स्कूल, अखनूर, | 3.75 | 2019-20 |
| | | 13. प्रिंसिपल जीएनएम स्कूल, शोपियां, | 3.75 | 2019-20 |
| | | 14. प्रिंसिपल जीएनएम स्कूल, बडगाम, | 3.75 | 2019-20 |
| | | 15. प्रिंसिपल एएनएम स्कूल, राजौरी | 3.75 | 2019-20 |
| | | 16. प्रिंसिपल एएनएम स्कूल, रियासी | 3.75 | 2019-20 |
| | | 17. प्रिंसिपल एएनएमटी स्कूल/डिप्टी सीएमओ, कठुआ, | 3.75 | 2020-21 |
| | | 18. प्रिंसिपल एएनएमटी स्कूल/डिप्टी सीएमओ, डोडा | 3.75 | 2020-21 |
| 6. | अरुणाचल प्रदेश | 19. प्रिंसिपल, स्टेट नर्सिंग स्कूल, नाहरलागुन, अरुणाचल प्रदेश | 4.00 | 2021-22 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 20. प्रिंसिपल, राजकीय नर्सिंग स्कूल, पासीघाट, अरुणाचल प्रदेश | 4.00 | 2021-22 |
| | | | 2.10 | 2022-23 |
| 7. | मेघालय | 21. नर्सिंग स्कूल, सिविल अस्पताल, शिलांग, मेघालय | 2.00 | 2021-22 |
| | | 22. नर्सिंग स्कूल, थेरेसा हाउस ट्रेनिंग सेंटर, गणेश दास राजकीय एम.सी.एच अस्पताल, शिलांग, मेघालय | 2.50 | 2022-23 |
| 8. | त्रिपुरा | 23. नर्स प्रशिक्षण संस्थान एजीएमसी और जीबीपी अस्पताल, अगरतला, | 1.71 | 2022-23 |
| 9. | नगालैंड | 24. नर्सिंग स्कूल, नागा हॉस्पिटल अथॉरिटी कोहिमा - नर्सिंग स्कूल को नर्सिंग कॉलेज, नागालानी में अपग्रेड करना | 2.19 | 2022-23 |
| | | 25. नर्सिंग स्कूल, आईएमडीएच, मोकोकचुंग, नागालैंड। | 2.2025 | 2022-23 |
| | | 26. नर्सिंग स्कूल, दीमापुर, नागालैंड | 3.75 | 2022-23 |
| 10. | तेलंगाना | 27. गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज, सिकंदराबाद, तेलंगाना | 2.77375 | 2022-23 |
| | | 28. गवर्नमेंट नर्सिंग स्कूल उस्मानिया जनरल हॉस्पिटल, हैदराबाद, तेलंगाना | 2.77375 | 2022-23 |

**अनुलग्नक - II**

## चरण - I

(करोड़ रुपये में)

| क्र. सं. | ज़िला | अनुमोदन की तारीख | अनुमोदित लागत | केंद्रीय हिस्सा (60%) | कुल जारी की गई राशि | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बालासोर | 10.03.2015 | 189.00 | 113.40 | 113.40 | शैक्षणिक सत्र 2018-19 से कार्यात्मक है |
| 2 | बारीपदा (मयूरभंज) | 10.03.2015 | 189.00 | 113.40 | 113.40 | शैक्षणिक सत्र 2017-18 से कार्यात्मक है |
| 3 | बोलंगीर | 10.03.2015 | 189.00 | 113.40 | 113.40 | शैक्षणिक सत्र 2018-19 से कार्यात्मक है |
| 4 | कोरापुट | 10.03.2015 | 189.00 | 113.40 | 113.40 | शैक्षणिक सत्र 2017-18 से कार्यात्मक है |
| 5 | पुरी | 10.03.2015 | 189.00 | 113.40 | 113.40 | शैक्षणिक सत्र 2021-22 से कार्यात्मक है |
| **कुल** | | | **945.00** | **567.00** | **567.00** | |

## चरण - II

*करोड़ रू. में*

| क्र. सं. | राज्य | स्थान | अनुमोदन की तारीख | अनुमोदित लागत | केंद्रीय हिस्सा | कुल जारी की गई राशि | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओडिशा | जाजपुर | 08.08.2019 | 250.00 | 150.00 | 150 | निर्माणाधीन |

## चरण-III

(करोड़ रुपये में)

| क्र. सं. | राज्य | ज़िला | अनुमोदन की तारीख | अनुमोदित लागत | केंद्रीय हिस्सा | कुल जारी की गई राशि | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओडिशा | कालाहांडी | 19.02.2020 | 325 | 195 | 100 | शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा अनुमति पत्र (एलओपी) प्रदान किया गया |